हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]



04 20 केन्द्रों पर करीब 42 हजार मेट्रिक हुई धान की...





08 युवाओं से किया नशामुक्ति व एकजुटता का आह्वान




### पुराने बारदाने की गुणवत्ता ठीक नहीं, कहीं लगे थेगड़े तो कहीं छेद

# री-यूज़ेबल बारदाना के उपयोग से बढ़ रही धान खरीदी केंद्रों पर समस्या

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में री-यूज़ेबर अर्थात पुराने बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। इससे धान की बड़ी मात्रा खराब हो सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



धान खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी की चर्चाएं सोहागपुर क्षेत्र में आम हो चली है। वहीं खरीदी केंद्रों पर री-यूज़ेबल अर्थात पुराने बारदाना के उपयोग से भी कुछ समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जिनका प्रभाव आगामी समय में पुराने बारदाने में भारी उपज खराब होने के रूप में सामने आ सकता है।

हरिभूमि संवाददाता ने किसानों एवं समिति प्रबंधनों की सूचना पर कुछ धान खरीदी केंद्रों का भ्रमण किया। समिति प्रबंधकों ने बताया कि लगभग सभी केंद्रों पर मिक्स बारदाना उपयोग में लाया जा रहा है।

कुल बारदाने में से लगभग आधा बारदाना री-यूज़ेबल अर्थात पुराना है। नागरिक आपूर्ति निगम के आदेशनुसार एवं निर्देशानुसार यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है कि धान खरीदी के बाद उपज भरने के लिए मात्र नए बारदाने का उपयोग नहीं करना है तथा पुराने बारदाने का उपयोग भी किया जाना है। लेकिन पुराना बारदाना गुणवत्ता में सही नहीं है, जिसके कारण परेशानी हो रही है।

### कहीं थेगड़े, कहीं छेद

धान खरीदी समितियों से प्राप्त जानकारी अनुसार जो पुराना बारदाना नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भेजा गया है, उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। कहीं बारदानों में थेगड़े लगे हुए हैं तो कहीं छेद हैं तथा पुराने बारदानों में भरी धान की उपज धीरे-धीरे ही सही लेकिन छेद में से गिरकर कम होती जा रही है। भविष्य में जब उपज में सूख लगेगी तो इसकी मात्रा कम होगी और इस स्थिति में छेद से गिरने वाली धान का वजन भी कम होगा। तथा खामियाजा शॉर्टेज रूप में खरीदी समितियों को भुगतना पड़ सकता है। यहां तक की वेयरहाउस मालिकों को भी इस परेशानी का सामना भविष्य में करना पड़ सकता है।



### बनाए हैं पंचनामे

सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में जितने भी खरीदी केंद्र निर्धारित किये गए हैं, सभी में पुराना बारदाना भी भेजा गया है। लेकिन बारदाना सही नहीं होने का पंचनामा भी समितियां की ओर से बनाया गया है। बताया जाता है कि अब तक तीन से चार बार प्रत्येक समिति की ओर से पुराने बारदाने का ठीक नहीं होने का पंचनामा बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। लेकिन इसके बाद भी इसकी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है तथा थेगड़ेयुक्त फटा-गला बारदाना लगातार भेजा जा रहा है। जिससे समिति प्रबंधनों में भविष्य में शॉर्टेज के चलते होने वाली कार्यवाहियों की चिंता घर कर रही है।

### 46 प्रतिशत पुराने बारदाने का नियम

खरीदी व्यवस्था सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष हो रही धान की खरीदी में जो बारदाना उपयोग होगा, उसमें से 54 प्रतिशत बारदाना नया होना चाहिए। जबकि पुराने बारदाने की मात्रा 46 प्रतिशत रखी गई है। और इस 46 प्रतिशत बारदाने में से भी लगभग 50 प्रतिशत बारदाना अच्छी गुणवत्ता का नहीं है। जिससे धान खरीदी कर रही समितियों में इस बात की चिंता है कि भविष्य में लगभग 20 से 25 प्रतिशत खरीदी गई उपज के खराब होने की आशंका बन सकती है। हरिभूमि ने नागरिक आपूर्ति निगम अधिकारियों से चर्चा के प्रयास किये लेकिन संपर्क नहीं हो सके।

### पंचनामा ही एकमात्र उपाय

मुझे भी पुराने बारदाने की खराब होने की सूचना मिली है। मैंने समिति प्रबंधकों से मामले में पंचनामा बनाने व संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही है। पंचनामा बनाना ही एकमात्र उपाय है।

**प्रियंका भल्लावी, एसडीएम, सोहागपुर**

# न्यूयार्ड रोड पर युवती की हत्या, मिली लाश सीसीटीवी के सहारे पुलिस कर रही जांच

### इटारसी से बाहर का हो सकता है आरोपी, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मंगवालर रात न्यूयार्ड मार्ग पर युवती की किसी बड़े पत्थर से सिर कुचली क्षत-विक्षत लाश बरामद हुई थी। जिसे देखकर युवती की जघन्य हत्या होना बताया जा रहा है। लाश के हुलिए के हिसाब से युवती की उम्र 18- 20 वर्ष करीब बताई जा रही है।

वहीं मामले में जांच कर रही पुलिस के हाथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की रिकॉर्डिंग लगी है, जिसमें युवती एक युवक के साथ 4 जनवरी की रात बात करती दिख रही है। हालांकि लाश बरामदगी के करीब 24 घंटे बाद भी मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस प्रशासन इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए तकनीकी साक्ष्यों और बाहरी कडिय़ों को जोडऩे में जुटा है। लाश मिलने की सूचना पर एसपी साईं कृष्णा थोटा तत्काल मौके पर पहुंचे थे, वहीं फॉरेंसिक टीम एवं स्नाइपर डॉग ने भी वारदात स्थल पर जांच की है।

### बाहरी आरोपी और ट्रेन से पहुंचने की आशंका

पुलिस की जांच अब दो मुख्य बिंदुओं पर केंद्रित है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह प्रतीत हो रहा है कि आरोपी शहर के बाहर के हो सकते हैं। पुलिस को संदेह है कि युवती किसी परिचित के साथ ट्रेन के जरिए इटारसी स्टेशन पहुंची होगी और वहां से आउटर की ओर ले जाकर इस वारदात को अंजाम दिया गया।



### जांच में बाधा : बंद मिले सीसीटीवी कैमरे

पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों का बंद होना रही। रात के समय कैमरे बंद होने के कारण वारदात का लाइव फुटेज नहीं मिल सका है। अब पुलिस की विशेष टीमें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर लगे कैमरों को खंगाल रही हैं, ताकि युवती के साथ मौजूद संदिग्ध की पहचान की जा सके।


### दहशत का माहौल, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

तीन पुलिया जैसे व्यस्त रेल मार्ग के पास हुई इस क्रूर हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने युवती के शव को शिनाख्त के लिए सुरक्षित रखवाया है। एसपी थोटा का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारण और हत्या के तरीके की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। टीआई गौरव बुंदेला ने शहरवासियों और आसपास के जिलों के थानों से अपील की है कि यदि कोई युवती लापता है या उसकी पहचान के बारे में कोई जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड ने संभाला मोर्चा

- **साक्ष्य संकलन:** फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कुछ अहम फिंगरप्रिंट्स और जैविक साक्ष्य जुटाए हैं।
- **सर्च ऑपरेशन:** डॉग स्क्वॉड ने आसपास के झाड़ियों और रेलवे ट्रैक के किनारे लंबी दूरी तक सर्चिंग की, हालांकि अभी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।
- **24 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं:** पुलिस हत्या के 24 घंटे बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं कर सकी।

# राष्ट्र निर्माण में विवेकानंद के योगदान विषय पर हुई स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ,मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस पर प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद जी के राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वस्तिक रावत बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान साहिल मेहरा बीए प्रथम वर्ष,तृतीय स्थान राजाराम बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया प्रतियोगिता का आयोजन रेड रिबन तथा रासेयो के तत्वाधान में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं डॉ.कविता दुबे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, डॉ. राजकुमार पटवा उपस्थित रहे निर्णायक के रूप में प्रो.अजय मेहरा, डॉ.क्षमा मेहरा, प्रो.शिवानी मालवीय रहे।

### क्रिकेट: नर्मदापुरम का मुकाबला इंदौर से

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर संभागीय हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बालक वर्ग प्रतियोगिता के पहले दो मैच की मेजबानी नर्मदापुरम संभाग को मिली है। जिसमें पहला 4 दिवसीय मुकाबला नर्मदापुरम और इंदौर संभाग के मध्य एमपीसीए मैदान में प्रारंभ हुआ। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि इंदौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भव्य गोयल 186 रन नाबाद,नन्द 78 रन और सार्थक वर्मा के 59 रनों की मदद से पहले दिन का खेल खत्म होने तक 94 ओवर में 369 रन 4 विकेट पर बना लिए है। नर्मदापुरम टीम के तनिष्क सोलंकी को 3 विकेट और अथर्व चौहान ने 1 विकेट हासिल किया है। एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा, मैच आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट लेदर बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

खेल शरीर के साथ ही मन का विकास भी करते है। अगर विद्यार्थियों को फिट रहना है तो उन्हें खेलों को अपने जीवन में उतारना पड़ेगा। इसी कड़ी में पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के एक मात्र सांदीपनी विद्यालय में राज्य स्तरीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसके लगातार तीसरे दिन खेल का शुभारंभ किया गया। जिसमें नर्मदापुरम एवं नेपानगर के बीच खेला गया। नर्मदापुरम ने जीत हासिल कर ली। दूसरा मैच पिपरिया और सिवनी मालवा के बीच खेला जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता का आनंद लेने स्कूल ग्राउंड पर विद्यार्थियों सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाला एसपीएम अब नई परियोजना से होगा लाभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले की एतिहासिक शान प्रतिभूति कागज कारखाना को अब नई सौगात मिलने वाली है। जिसका खाका तैयार हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए करीब 1700 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है।

यह नर्मदापुरम जिले के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में है। प्रतिभूति कागज कारखाना में नवीन पेपर मशीन की स्थापना हेतु केंद्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि यह स्वीकृति लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के सतत प्रयासों का प्रतिफल है। उनके द्वारा लगातार विषय को संसद एवं संबंधित मंत्रालयों एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष प्रभावी रूप से रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना साकार हो सकी। प्रतिभूति कागज कारखाना, भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की एक प्रमुख इकाई है, जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील कागज आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। वर्तमान में संचालित पुरानी मशीनों के स्थान पर नवीन अत्याधुनिक पेपर मशीन की स्थापना से उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी।

इस परियोजना से न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ होगी, बल्कि नर्मदापुरम क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, औद्योगिक सुदृढ़ीकरण, स्थानीय युवाओं को तकनीकी अवसर, तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### परंपारानुसार 22 जनवरी से प्रारंभ होगा महायज्ञ का आयोजन

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में प्रत्येक 3 वर्ष में एक बार तुलसी नगर पुरानी गल्ला मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।इस वर्ष भी 22 जनवरी 2026से प्रारंभ किया जाएगा जिसके लिए तैयारी पूर्णता की ओर है। यज्ञ शाला का सुंदर चित्रण किया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी के अनुसार यज्ञ में बनारस एवं अन्य सभी ब्राह्मण सदाचारी के द्वारा मंत्रों की वेदव्यास की ध्वनि से सम्पूर्ण शहर गुंजायमान हो जाएगा। जिसमें मानस यज्ञ में आहुतियां देकर तो फल मिलेगा ही लेकिन श्री रामचरितमानस पर वक्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। जो राम कथा का भी रसपान कराएगे तथा ब्राह्मण समाज के बटुक जनों को भी यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा।



### कमजोर वर्गों से संवेदनशीलता विषय पर सेमीनार का शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता विषय पर सेमीनार का आयोजन बुधवार से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस कंट्रोलरूम में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दो दिवसीय सेमीनार का उद्देश्य साफ है कि जो वर्दी आमजनों में खौफ पैदा करती है वहीं अब आमजनों के मन से डर को बाहर निकाले। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के प्रति किस तरह संवेदनशीलता बरतते हुए अपना कार्य करते है। इसी विषय पर जानकारी दी गई। सेमीनार में पुलिस अधीक्षक अजाक ए व्ही सिंह ने अध्यक्षता की। दो दिवसीय सेमीनार में नर्मदापुरम, हरदा,बैतूल और रायसेन जिले के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।



# संतुलित एकीकरण जैसे विषयों पर पुणे में आयोजित हुई संगोष्ठी





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और शिक्षा के साथ खेलों के संतुलित एकीकरण जैसे विषयों पर पुणे में आयोजित हुई। इस संसदीय शिक्षा समिति की बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा सहभागिता निभाई गई साथ ही अपने सुझाव भी दिए। संतुलित एकीकरण जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस तरह के संवाद न केवल नीति-निर्माण को मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि युवा प्रतिभाओं के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। विदित हो कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी एमए, बीएड है साथ ही दर्शन शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट है। सांसद पूर्व में शासकीय सेवा शिक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत रह चुके है।

### जलापूर्ति प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए

# दूषित जल को कैसे स्वच्छ बनाएं, संभाग के अधिकारियों की पाठशाला में बताई बारीकियां, 3 तरह के प्रशिक्षण सिखाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद अब जल प्रदाय की व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर संभाग के अधिकारियों की पाठशाला लगाई गई। जिसमें अधिकारियों और इंजीनियरों को जल गुणवत्ता का पाठ सिखाया गया। साथ ही बताया कि इंदौर में हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो।

विदित हो क्षेत्र में जल प्रदूषण की पुनरावृत्ति को रोकने और नागरिकों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रशासन ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यशाला में संभाग के समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री और संबंधित तकनीकी कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान न केवल किताबी जानकारी दी, बल्कि व्यावहारिक अनुभव पर जोर दिया। निकायों से आए इंजीनियरों और कर्मचारियों ने स्वयं अपने हाथों से जल परीक्षण की प्रक्रियाओं को संपन्न किया।





कार्यशाला में मुख्य रूप से तीन स्तरों पर जानकारी दी गई।

### तीन तरह के परीक्षण सिखाएं

प्रशिक्षण शिविर में भौतिक परीक्षण जल का रंग, गंध और पारदर्शिता की जांच। रासायनिक परीक्षण जल में घुले रसायनों और पीएच स्तर की सटीक माप। जीवाणु परीक्षण जिसमें पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और संदूषण की पहचान करना आदि शामिल था। प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ अधिकारियों मार्गदर्शन मिला। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री सचिन कड़ू एवं संयुक्त संचालक आरएस मंडलोई की उपस्थिति और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को परीक्षण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और विधियों की बारीकियों से अवगत कराया। नियमित मॉनिटरिंग, त्वरित कार्रवाई के निर्देश प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल सिखाना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार लाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी निकायों को सख्त निर्देश दिए गए कि जलापूर्ति प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जल गुणवत्ता परीक्षण को एक अनिवार्य दैनिक प्रक्रिया बनाया जाए, यदि किसी भी स्तर पर प्रदूषण की स्थिति पाई जाती है, तो बिना देरी किए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। विदित हो कि जनप्रतिनिधि और नगर पालिका में बैठे अधिकारियों की लापरवाही के कारनामे तो जग जाहिर है लेकिन ऐसी पाठशाला का आयोजन समय-समय हो होना चाहिए।

### श्री राम मंदिर दतवासा में जारी श्री शिव महापुराण

**नर्मदापुरम।** श्री राम मंदिर ग्राम दतवासा तहसील डोलरिया में चल रही श्री शिव महापुराण के विश्राम दिवस में डॉ आचार्य पुष्कर परसाई जी ने अंतिम दिवस पर शिवजी के अनंत रूपों का वर्णन किया। आचार्य श्री ने कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्ना होकर भक्तों को मनवाँछित फल देने वाले हैं। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप है! उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल,वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक-दूसरे के सहायक बनते हैं। जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं, वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते।शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर सकते हैं।


एजेन्सी देना है। हरिभूमि

नर्मदापुरम् रसूलिया, मालाखेड़ी जसलपुर, बनखेड़ी,बनापुरा डोलरिया, रोहना, सिवनी मालवा ,केसला ।

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 9827743042, 9300263480

## खबर संक्षेप



### राज्य संवाद प्रभारी बने सुनील कुबड़े

**बैतूल।** पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव की अनुशंसा पर स्वामी रामदेव महाराज ने बैतूल जिले के पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े को मध्य प्रदेश का राज्य संवाद प्रभारी नियुक्त किया है। राज्य संवाद प्रभारी के रूप में नियुक्ति के बाद सुनील कुबड़े ने कहा कि आगामी एक वर्ष में मध्य प्रदेश के 30 जिलों में योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत के बच्चों में स्वाभिमान और आत्मगौरव बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा गठित और पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित भारतीय शिक्षा बोर्ड से हर जिले में प्रारंभिक चरण में 20 से 30 विद्यालयों को जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है।उनकी नियुक्ति को लेकर संगठन में उत्साह का माहौल है और साथियों ने उन्हें लोककल्याण के इस कार्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य संपन्न



**शाहपुर।** विद्युत विभाग शाहपुर द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य को संपन्न कर लिया गया। ट्रांसफार्मर बदलने में लगभग 8 से 10 घंटे का वक्त लगा। कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। पूर्व में 3.15 एमवी का ट्रांसफार्मर लगा था। जिसे बदलकर आज 5एम वी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर बदलने से शाहपुर नगर को लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि बिजली के बार-बार चले जाना के कारण नागरिक परेशान होते थे। अब ऐसी समस्याएं कम होगी। कोई बड़ा फाल्ट आने पर ही विद्युत प्रदाय बंद होगा। अन्यथा विद्युत सप्लाई निरंतर चालू रहेगी। नगर वासियों को वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी।

### पेंशनर्स को अब वेबसाइट पर मिलेगी पेंशन स्लिप

**बैतूल।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने अपने पेंशनर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक और महत्वपूर्ण डिजिटल पहल की है। कंपनी की आईटी सेल एवं पेंशन विभाग की संयुक्त टीम के प्रयासों से अब एम.पी. ट्रांसको के तकरीबन 4500 पेंशनर्स, चाहे वो किसी भी बैंक से पेंशन प्राप्त करते हों, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपनी पेंशन स्लिप ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि अब तक केवल यूनियन बैंक से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को ही वेबसाइट पर पेंशन स्लिप उपलब्ध कराने की सुविधा थी। लेकिन अब भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य बैंकों से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स के लिए भी यह व्यवस्था सफलतापूर्वक विकसित कर ली गई है।

96 करोड़ की देय राशि में से 75.54 करोड़ का हुआ भुगतान

# 20 केन्द्रों पर करीब 42 हजार मेट्रिक हुई धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

जिले में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान जोरों पर है। यह अभियान 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 20 जनवरी 2026 तक चलेगा। जिला प्रशासन ने भुगतान, भंडारण और परिवहन की प्रक्रियाओं पर कड़ी निगरानी रखी हुई है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बताया जा रहा है कि सरकार ने इस विपणन सीजन के लिए सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति प्रति क्विंटल तय किया है। जबकि ग्रेड-ए धान का 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। जिले में धान खरीदी के लिए कुल 20 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों से गुणवत्ता मानकों के अनुसार धान की तौल कर खरीद की जा रही है। बता दे कि धान विक्रय के लिए जिले में करीब 9100 किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन इसमें से 834 सिकमी किसानों के सत्यापन के बाद 431 किसानों का पंजीयन निरस्त कर दिया गया। शेष किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी किन्द्रों पर 5891 किसानों से करीब 42 हजार मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। हालांकि धान खरीदी के



लिए 20 जनवरी का तक का समय शेष है।

### 75.54 करोड़ का किसानों को भुगतान

जिले में किसानों को कुल 96 करोड़ रुपये का भुगतान होना है। इसमें से 75.54 करोड़ रुपये की राशि अब तक किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष राशि का भुगतान सत्यापन और प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया जा रहा है। कुछ किसान भुगतान की गति को लेकर चिंता जता रहे हैं। विभाग का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार संचालित हो रही हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि पंजीयन, भंडारण, परिवहन और भुगतान से जुड़ी सभी गतिविधियां शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चल रही हैं। वेयरहाउसों में संग्रहित धान और संबंधित रिकॉर्ड का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत है।

### अब तक करीब 42 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी

जिले में समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए 9100 किसानों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से अब तक 5891 किसानों से 20 खरीदी केन्द्रों पर 42 हजार मेट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। परिवहन की दृष्टि से 39,308 मेट्रिक टन धान का स्थानांतरण पूरा हो चुका है, जबकि शेष का कार्य चरणबद्ध तरीके से जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जिन किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है, उनके भुगतान की प्रक्रिया भी जारी है। करीब 6 से 7 करोड़ रूपये के भुगतान ईपीओ जारी किये जा चुके है। जिन किसानों का भुगतान नहीं हुआ है, उनके खाते में जल्द ही राशि हस्तांतरित हो जाएगी।

### भुगतान किया जा चुका है

जिले में अब तक 20 खरीदी केन्द्रों पर किसानों से करीब 42 हजार मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जिनका लगभग 96 करोड़ का भुगतान बनता है, इसमें से 75.54 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

- कृष्ण कुमार टेकाम, जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

10 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान

# आगजनी की घटना में दुकानें जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बीती रात मुलताई-आठनेर मार्ग पर स्थित ग्राम रायआमला में भीषण आगजनी की घटना सामने आई। मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे मासोद मेन रोड पर स्थित चार दुकानों में अचानक आग लग गई, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते दुकानें आग के शोले बन गईं। आगजनी की इस घटना में बुधराव लाड़े, पंजाबराव लाड़े एवं अशोक गणेशे की दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। पंजाबराव लाड़े की चाय व किराना दुकान, बुधराव लाड़े का पान ठेला व हार्डवेयर सामान, जबकि अशोक गणेशे की कीटनाशक दवाइयों व कपड़ों की दुकान आग की चपेट में आ गई। विशेष रूप से पंजाबराव लाड़े की दुकान पूरी तरह नष्ट हो गई, जिसमें रखा किराना सामान, चाय सामग्री, फर्नीचर एवं नकदी जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकानदारों व ग्रामीणों ने प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग का स्वरूप अत्यंत भीषण होने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

घटना की सूचना मिलते ही मुलताई नपा की फायर टीम मौके पर पहुंची। आग की गंभीरता को देखते हुए आठनेर नगर पालिका की फायर टीम को भी सहायता के लिए बुलाया गया। दोनों टीमों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान मुलताई नपा के फायर कर्मचारी मनोज सिंह, दीपक अहिरवार एवं सुमित पुरी की भूमिका सराहनीय रही।

### 10 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान

इस आगजनी में लगभग 10 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

जिलास्तरीय सम्मेलन, समान वेतन व लंबित लाभों पर हुआ मंथन

# कोटवार सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति



**बैतूल।** मप्र ग्राम रक्षक कोटवार चौकीदार संघ जिला शाखा बैतूल के तत्वाधान में पंचशील बौद्ध विहार सदर बैतूल में कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलास्तरीय व प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के आयोजन को लेकर विस्तृत योजना पर सहमति बनी। मुख्य अतिथि अधिवक्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कोटवार संघ के पूर्व अध्यक्ष मानिकराव वामनकर, वर्तमान जिलाध्यक्ष रामदास गुजरे, जिला सचिव लोकेश पाटिल, तहसील अध्यक्ष घोड़ाडोंगरी से कन्हैया बांसे, पट्टन से राजू राजूकर, ऋषि सोमकुवर, आठनेर से देवीदास मनोहरे, आमला से कालूराम खातरकर, बोरदेही से माया वाईकर, लालसिंह नागले तथा मुलताई से लखन मालवीय की विशेष उपस्थिति रही। बैठक के दौरान मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिवक्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि समान कार्य समान वेतन के सिद्धांत का पालन करते हुए कोटवारों को कलेक्टर दर से मानदेय प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मप्र शासन द्वारा कोटवार पंचायत 2023 के तहत सेवा निवृत्त कोटवारों को 1 लाख रुपये देने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन बैतूल जिले में इसका लाभ केवल 3 सेवा निवृत्त कोटवारों को ही मिला है, जबकि लगभग 150 कोटवार अब भी इस लाभ से वंचित हैं। जिलाध्यक्ष रामदास गुजरे ने कहा कि कोटवार नियुक्ति में कोटवार के परिजनों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। गणेश कजोडे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जिन गांवों में एक से अधिक कोटवार पद हैं, वहां किसी कोटवार की मृत्यु के बाद पद को समाप्त किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। ऐसे मामलों में पात्रता रखने वाले परिजन को उस पद पर नियुक्त किया जाना चाहिए। दिनेश चौकीकर ने कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कोटवारों से बेगारी नहीं कराई जानी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2007 में कोटवार पंचायत में घोषणा की गई थी कि कोई भी अधिकारी कोटवार से बेगारी कराता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दिलीप बेलवंशी ने कहा कि किसी भी कोटवार के विरुद्ध शिकायत मिलने पर बिना सुने कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

आरोप- नशे में जानबूझकर घुसाई गाड़ी, आरोपी फरार

# दीवार तोडक़र घर में घुसी स्कॉर्पियो, बुजुर्ग गंभीर



**बैतूल।** शाहपुर थाना क्षेत्र के पोला पत्थर गांव में बीती रात एक स्कॉर्पियो कार दीवार तोडक़र एक मकान में घुस गई। इस घटना में घर में सो रहे 60 वर्षीय अर्जुन सिंह ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिवार ने इसे हादसा नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई साजिश बताया है। घायल अर्जुन सिंह के पुत्र अंकुश ठाकुर ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक ने नशे की हालत में जानबूझकर स्कॉर्पियो उनके घर की दीवार पर चढ़ा दी। अंकुश के अनुसार, कुछ दिन पहले उस युवक का उनके जीजा से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने गुस्से में उनके घर को निशाना बनाया। अंकुश ठाकुर ने बताया कि उनका घर हाईवे से काफी अंदर स्थित है, जिससे यह सामान्य दुर्घटना प्रतीत नहीं होती। उन्होंने इसे अपने पिता की जान लेने की साजिश करार दिया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। शाहपुर थाना प्रभारी देवकरण डहरिया ने जानकारी दी कि वाहन जब्त कर लिया गया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पति की हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास व जुर्माना

**बैतूल।** पति की हत्या करने वाली पत्नि देवकी काकोड़िया पत्नि स्वर्गीय दिनेश उम्र 40 वर्ष निवासी बजरंग मोहल्ला, सोनाघाटी, थाना कोतवाली बैतूल, जिला बैतूल को विशेष न्यायालय (एस.सी. व एस.टी. एक्ट) बैतूल द्वारा अपराध में दोषसिद्ध पाते हुये आरोपिया को आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया। प्रकरण में राज्य की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन बैतूल सत्यप्रकाश वर्मा द्वारा अभियोजन संचालन किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह द्वारा उक्त प्रकरण के पैरवी में विषेष सहयोग दिया। आरोपिया देवकी अपने पति दिनेष काकोड़िया, ससुर किशन काकोड़िया, बेटा अक्षय तथा चोपना निवासी सहअभियुक्त के साथ बजरंग मोहल्ला, सोनाघाटी में रहते थे। मृतक दिनेश शराब पीकर अपनी पत्नि से लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। रात के करीब 02:00-02:30 बजे उसकी पत्नि देवकी ने अपनी पीले रंग की साड़ी को अपने पति के गले में लपेटी और सहअभियुक्त ने मृतक के दोनों पैरों में सफेद गमछा बांधकर पैर पकड़कर रखे और मृतक की पत्नि देवकी ने उसका साड़ी से गला घोट दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में जनपद पंचायत सदस्य अकलेश वाघमारे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मप्र शासन के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के तत्वावधान में भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर में पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैतूल जनपद पंचायत सदस्य अकलेश वाघमारे शामिल हुए। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भर से चयनित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों को विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक प्रशासनिक कौशल सिखाए गए। बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व कर लौटे जनपद पंचायत सदस्य श्री वाघमारे ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आईसीटी और ई-डिस्ट्रिक्ट जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों को सिखाया गया कि कैसे आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन को और अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। इसके अलावा आईआईएम इंदौर के विशेषज्ञों ने पब्लिक फाइनेंस, ऑपरेशनल एक्सीलेंस, जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद प्रक्रिया और वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। इसके अलावा टीम बिल्डिंग, रणनीतिक योजना निर्माण, सतत विकास लक्ष्य और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से ग्रामीण विकास को



गति देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभावी संप्रेषण और इंटरपर्सनल रिलेशनशिप जैसे सॉफ्ट स्किल्स पर भी सत्र आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया कि आईआईएम इंदौर में प्राप्त यह ज्ञान और अनुभव उनके क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। वे अब अपने जनपद एवं ग्राम पंचायतों के अन्य जनप्रतिनिधियों को भी इन आधुनिक विषयों की जानकारी देंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शासन में पारदर्शिता लाना, विकास कार्यों में तेजी लाना और पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना है।

बीएमएस ने श्रम मंत्री से मिलकर ईपीएफ, पेंशन और संविदा श्रमिकों के मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन

# संविदा श्रमिकों को समान वेतन की मांग

**बैतूल।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से नई दिल्ली में भेंट कर श्रमिकों से जुड़े लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएमएस के महामंत्री रविंद्र हिमते ने किया। जिला मंत्री बैतूल पंजाब राव गायकवाड़ ने बताया कि मंत्री ने बीएमएस द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन में ईपीएफ एवं ईएसआई की वेतन-सीमा में वृद्धि, न्यूनतम पेंशन राशि को वर्तमान एक हजार से बढ़ाने, भारतीय श्रम सम्मेलन के शीघ्र आयोजन, बोनस गणना सीमा में



वृद्धि, ग्रेच्युटी पात्रता 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने तथा सभी स्कीम वर्कर्स के मानदेय और प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग रखी गई। बीएमएस ने निजी, सार्वजनिक एवं सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत संविदा श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आईओसीएल, निजी टेलीकॉम कंपनियों, राज्य विद्युत बोर्ड, ईएसआईसी, एयर इंडिया एक्सप्रेस और कुडनकुलम परमाणु परियोजना से जुड़े मामलों का उल्लेख किया। संगठन ने संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 की धारा 25(2)(5)(ए) के सख्त पालन और नियम तोडऩे वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही देशभर के निजी परिवहन क्षेत्र के चालकों के लिए कल्याण बोर्ड बनाने का आग्रह किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के आईपीओ पर मंत्री ने वित्त मंत्री से चर्चा कर त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में सुरेंद्र कुमार पांडेय, बी. सुरेन्द्रन, राष्ट्रीय मंत्री गिरीश आर्य, रामनाथ गणेशे एवं श्री अनुपम शामिल रहे।

नियमितीकरण, वेतनमान और चिकित्सा सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# शासन की अनदेखी से नाराज कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासन-प्रशासन की हठधर्मिता और लगातार अनदेखी से नाराज दैनिक वेतनभोगी, स्थाई कर्मी, वनसुरक्षा श्रमिक एवं अंशकालीन कर्मचारियों ने मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बुन्देले के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी ज्वलंत मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में कई बार ज्ञापन और निवेदन के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे असंतोष और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि संगठन द्वारा पूर्व में भी शासन और प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई



नहीं होने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने जिले के समस्त दैनिक वेतनभोगी, स्थाई कर्मी, वनसुरक्षा श्रमिक एवं अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित करने, सातवें वेतनमान का लाभ, चिकित्सा सुविधा, चिकित्सा अवकाश, अर्जित अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन पात्रता देने की मांग की। लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, आदिम जाति कल्याण विभाग और वन विभाग में कार्यरत कर्मियों की पदवार वरियता सूची प्रकाशित करने की मांग की गई। साथ ही वन विभाग के वनसुरक्षा श्रमिकों को श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन देने, अवकाश सुविधा और प्रतिमाह भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई।

**वन विभाग से जुड़े गंभीर मामले-** ज्ञापन में वन विभाग में कार्यरत कृष्णा वाड़बुदे को षड्यंत्रपूर्वक पृथक किए जाने का मामला उठाते हुए पुनः बहाली की मांग की गई। इसके अलावा 1988 के पूर्व के दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण में लापरवाही से प्रताड़ित हुए वाहन चालक स्व. विजय वल्द राधेलाल सोनी की आत्महत्या का उल्लेख करते हुए उनके पुत्र संजय सोनी को मानवीय आधार पर कार्य देने तथा परिवार को ग्रेच्युटी और पारिवारिक सहायता राशि देने की मांग की गई। नगर पालिका में वर्ष 2007 से कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों को स्थाई कर्मी बनाने, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने तथा दक्षिण वन मंडल में कार्यरत स्थाई कर्मी महादेव खडसे के दुर्घटना उपचार की व्यवस्था कराने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से रखी गई।

1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा अभियान

# एनएसयूआई ने आईटीआई परिसरों में किया पौधारोपण

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसयूआई बैतूल के जिला अध्यक्ष जैद खान के नेतृत्व में यह कार्यक्रम शासकीय आईटीआई एवं महिला आईटीआई परिसर में संपन्न हुआ, जहां छात्रों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए। यह अभियान विगत दिनों विदिशा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ था। पूरे मध्यप्रदेश में इस अभियान की शुरुआत एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा की गई है। यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा, जिसके अंतर्गत प्रदेशभर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष जैद खान ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा



लगातार जंगलों की कटाई की जा रही है और कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में जेन जी पीढ़ी को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्तक्षेप करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। इसी उद्देश्य से एनएसयूआई ने यह अभियान शुरू किया है ताकि पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया जा सके।

## जनता को राहत देने नप जलवा रही अलाव



**सोहागपुर।** क्षेत्र में इन दिनों तीव्र शीत लहर के प्रभाव से सार्वजनिक स्थलों पर नागरिक परेशान होते हैं। इन स्थानों पर यात्री वाहनों की प्रतीक्षा करते यात्रियों को राहत देने नगर परिषद द्वारा शहर में अलाव जलवाए जा रहे हैं। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड सहित बस स्टॉपेज स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नगर परिषद द्वारा अलाव जलाने की नियमित की व्यवस्था की जा रही है।

## गोलानी की स्मृति में भोपाल में हुआ आयोजन

**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र में भाजपा के पितृ पुरुष के रूप में ख्यात रहे स्वर्गीय सेठ लक्ष्मण दास गोलानी की गत दिनों पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर भोपाल में मुस्कान संस्था एवं केजीएन म्यूजिकल ग्रुप ने 'हमारे पापा' शीर्षक अंतर्गत कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा के सोहागपुर क्षेत्र में स्थाप्य एवं उत्थान में स्वर्गीय सेठ लक्ष्मण दास गोलानी के सहयोग पर उद्बोधन दिए।

### इंदौर की घटना के बाद लगातार शहर में आ रही गंदे पानी की शिकायत

# वार्ड 26 में जहरीले पानी का खतरा, नालियों में बिछी पाइपलाइन से फैल रही बीमारियां

इंदौर की दूषित पेयजल घटना के बाद प्रदेश भर के साथ लगातार इटारसी नगरपालिका क्षेत्र में भी पेयजल को लेकर गंभीर शिकायतें निकलकर सामने आ रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड नंबर 26 चिस्तिया नगर और कब्रिस्तान क्षेत्र में पेयजल संकट और दूषित पानी की आपूर्ति ने जनजीवन को खतरे में डाल दिया है। यहां पेयजल की पाइपलाइनें नालियों के भीतर से होकर गुजर रही हैं, जिससे गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### नालियों के अंदर पाइपलाइन बीमारियों का घर

शिकायती पत्र के अनुसार, वार्ड 26 की जुग्गी बस्तियों और आसपास के क्षेत्रों में नगर पालिका प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां पीने के पानी की पाइपलाइनें कई जगह से फूटी हुई हैं और नालियों के गंदे पानी के संपर्क में हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि नलों के माध्यम से घरों में नालियों का मिश्रित गंदा पानी पहुंच रहा है, जिससे लोग जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

### इंदौर जैसी घटना की आशंका

गुफरान अंसारी ने अपने पत्र में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सुध नहीं ली, तो यहां भी इंदौर के भागीरथपुरा जैसी दुखद और अमानवीय घटना घट सकती है, जहां दूषित पानी पीने से कई लोग प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल पाना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन वार्ड 26 के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। लगातार शिकायतों के बाबजूद समस्या हल नही की जा रही है।

### स्थानीय निवासियों का आक्रोश

वार्ड के लोगों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी पूर्व में भी यहां आए थे, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हुआ है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन नहीं बदली गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गौरतलब है कि इस मामले के कुछ दिन पहले ही लगातार न्यास कालोनी में भी इसी प्रकार की शिकायतें आ रही थी जिसके बाद नगरपालिका की ओर से अध्यक्ष एवं सीएमओं ने मौके पर जाकर नई पाईपलाइन डलवाने की बात कही थी। संभवतः शहर के कई अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी स्थिति हो सकती है। हालांकि अब देखना यह होगा कि नपा की ओर से वार्ड 26 के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी।

### वार्डवासियों की प्रमुख मांगें...

-वार्ड नंबर 26 की सभी पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

-पाइपलाइनों को नालियों से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

-क्षेत्र के ट्यूबवेल की सफाई करवाई जाए ताकि निवासियों को स्वच्छ पानी मिल सके। साथ ही समय समय पर ट्यूबवेल की सफाई जारी रहे।

## कार्यशालाः नगर भाजपा के दोनों मंडल की संयुक्त कार्यशाला संपन्न, निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी एवं नगर मंडल इटारसी की संयुक्त कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं एसआईआर अभियान के विधानसभा प्रभारी जयकिशोर चौधरी ने सभी को मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए फॉर्म 6, 7 एवं 8 को भरने की विस्तृत प्रक्रिया समझाई एवं बताया कि किस प्रकार नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार एवं नाम हटाने की प्रक्रिया को सही तरीके से पूर्ण किया जाए।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, डॉ नीरज जैन, दीपक अठोत्रा, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, शैलेंद्र दुबे, गौरव बड़कुर, पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव, देवेंद्र पटेल, अमित विश्वास, कुंदन गौर, राजकुमार बाबरिया, विपुल चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि और कैंडल मार्च निकाला

**इटारसी।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देश पर इटारसी महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा चावरे ने समस्त कांग्रेस जनों के साथ मिलकर इटारसी के स्थानीय जय स्तंभचौक पर इंदौर में दूषित पानी पीने से मृत लोगों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया, और सभी ने जयस्तंभ चौक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी साथ ही 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कांग्रेस नेत्री नेहा चावरे ने बताया कि भाजपा की भ्रष्ट नीति के चलते इंदौर में दूषित पानी पीकर कई लोगों की जान चली गई। वहां बहुत पीड़ा दायक स्थिति है पूरे प्रदेश सहित देश में सभी इस घटना से व्यथित है।

## चौपाटी पर मिली गंदगी, सभापति राकेश जाधव ने दुकानदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की चौपाटी पर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौपाटी क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सभापति जाधव ने मौके पर ही कचरा फैलाने वाले दुकानदार से तत्काल कचरा उठवाया और अन्य दुकानदारों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि डस्टबिन नहीं रखने के कारण दुकानदार खुले में कचरा फेंक रहे हैं, जिससे आसपास गंदगी फैल रही है। कई बार समझाइश देने के बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

जाधव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज तो कचरा उठवा दिया गया है, लेकिन आगे यदि गंदगी पाई गई तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।



नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने सभी दुकानदारों से स्वच्छता बनाए रखने और नगर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। तत्काल सफाई भी करवाई गई। इस दौरान वार्ड जमादार अशोक मुकद्दम मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर की बैठक, कॉलेज में होगा सामूहिक आयोजन, नाराज निजी स्कूल प्रबंधनों को मनाएंगे बीआरसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

बैठक की प्रस्तावना में बीआरसी राकेश रघुवंशी ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की जानकारियां दीं। जिसके बाद अन्य ज़रूरी चर्चाएं कर निर्णय लिये गए। तय किया गया कि सभी विभाग समन्वय के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपने अपने तय दायित्व निभाएंगे। इस दौरान जपं से अध्यक्ष जालमसिंह पटेल व उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद रविशंकर उईके व धर्मदास बेलवंशी, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, सीनियर डिवीजन एनसीसी



अधिकारी डॉ. राधेश्याम रघुवंशी, बीआरसी राकेश रघुवंशी, कन्या शाला प्राचार्य सुनीता गढ़वाल, संजय परसाई, अमित परसाई व पीएचई उपयंत्री डी धुर्वे सहित शासकीय कर्मी व निजी स्कूल प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कर्मचारी का ही हो सम्मान - एसडीएम

बैठक में चर्चा की गई कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी उत्कृष्ट काम करने वाले शासकीय कर्मचारियों का सम्मान गणतंत्र दिवस पर हो। जिस पर बात उठी कि थोक में सम्मान नहीं बल्कि वास्तविक रूप से उत्कृष्ट कर्मचारी का ही सम्मान हो। प्रायः देखा जाता है कि विभाग प्रमुख अपने पसंदीदा अधिकारियों का सम्मान कराते हैं, भले ही उनके कार्य उत्कृष्ट ना हों।

**वेरिफिकेशन एसडीएम करेंगीः** एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कहा कि विभाग प्रमुख इस बार अपने उत्कृष्ट कर्मियों के नाम 15 जनवरी तक तय कर सूची उपलब्ध कराएंगे, जिसका वेरिफिकेशन एसडीएम करेंगी। इसमें लापरवाही एवं गड़बड़ी न करने की बात भी एसडीएम ने कही।

### चर्चा में रहे बहिष्कार करने वाले

चर्चा में विषय आया कि गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में स्कूलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रतियोगिता की गई थी। जिसमें तत्कालीन मंच संचालक संजीव शुक्ला के स्कूल को भी इनाम मिला। जिसके कारण कुछ नाराज़ निजी विद्यालय प्रबंधनों ने बैठक का बहिष्कार किया है। एसडीएम ने यह जानकारी मिलने पर चिंता जताकर बीआरसी राकेश रघुवंशी को संबंधित स्कूलों में चर्चा करने को कहा।

एसडीएम ने बीआरसी से कहा कि नाराज़ स्कूल प्रबंधनों को आयोजन में आमंत्रित करें। जिसके बाद एसडीएम ने कहा कि यदि मंच संचालक से किसी को आपत्ति हो, तो अभी दर्ज कराए। बाद में कोई शिकायत न करे।

## स्टेशन प्रबंधक विनोद चौधरी व सीवायएम ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल प्रशासन ने इटारसी जंक्शन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। वरिष्ठ रेल अधिकारी विनोद कुमार चौधरी ने इटारसी जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक के रूप में और चीफ यार्ड मास्टर दिवाकर कुमार ने अपना-अपना नया पदभार ग्रहण कर लिया है।

अब रेल जंक्शन के स्टेशन की कमान विनोद कुमार चौधरी के पास और रेलवे यार्ड की कमान अब दिवाकर कुमार के हाथों में होगी। उन्हें इटारसी जंक्शन का नया मुख्य यार्ड मास्टर नियुक्त किया गया है।

नई नियुक्तियों से स्टेशन के परिचालन और यात्री सुविधाओं में और अधिक सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। दोनों अधिकारियों ने कर्तव्यनिष्ठा से सबके सहयोग से कार्य करने की बात कही है।

## पट्टे की मांग लेकर आदिवासी युवा संघ ने झिरमऊ के ग्रामीणों के साथ तहसील कार्यालय में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ के बैनर तले बुधवार को ग्राम झिरमऊ के निवासियों ने अपनी वर्षों पुरानी पट्टे की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में प्रदर्शन किया। पट्टे न मिलने से नाराज ग्रामीणों और संघ के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की।

**वर्षों से निवास, फिर भी योजनाओं से वंचितः** ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि ग्राम पंचायत कांदईकला के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिरमऊ में आदिवासी परिवार पिछले कई दशकों से निवास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पट्टे के लिए कई



बार आवेदन दिए, लेकिन आज तक उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल सका है। पट्टा न होने के कारण ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण आवास और अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ से पूरी तरह वंचित हैं।

**नायब तहसीलदार ने दिया आश्वासनः** मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ने ज्ञापन स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि पट्टे की फाइल की जांच कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने संबंधित पटवारी और राजस्व अमले से रिपोर्ट मांगकर जल्द कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान आदिवासी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष आकाश कुशराम ने नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता विनोद वारिवा, जिला अध्यक्ष राघवेन्द्र उइके, जिला मीडिया प्रभारी बंटी भल्लावी सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## ग्राम सोनतलाई में सात दिवसीय गोंडी कोयापुणेम 17 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आदिम संस्कृति और सामाजिक एकजुटता के प्रतीक सात दिवसीय गोंडी कोयापुणेम का आयोजन ग्राम सोनतलाई में आगामी 17 जनवरी से 23 जनवरी तक होने जा रहा है।

इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

आयोजन की पूर्व तैयारियों के तहत प्रचार दल ने टांगना, पारछा भाग-2, मातापुरा और तीखड़ जैसे क्षेत्रों का दौरा किया। टोली के सदस्यों ने घर-घर जाकर सगाजनों को पीले चावल और आमंत्रण पत्र भेंट किए। इस दौरान समाज के युवाओं और वरिष्ठ जनों में भारी उत्साह देखा गया।

जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मंगलसिंग कुमरे तीखड़, सिद्धार्थ भल्लावी, इटारसी से आकाश कुशराम, सुनील परते, विवेक युवने और सचिन प्रधान ने भी प्रचार में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति द्वारा सभी को आमंत्रित किया गया है।

## डीआरएम त्यागी ने संभावित दुर्घटनाएं टालने वाले रेलकर्मियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ और सजगता का परिचय देकर संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने वाले 15 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने 7 जनवरी को सम्मानित किया। इस अवसर पर रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा नकद पुरस्कार प्रदान किए।

सम्मानित होने वालों में इटारसी के गुड्स ट्रेन मैनेजर राजकुमार पुरबिया, राहुल साहू, हरि प्रसाद अहिरवार, कमलेश कुमार अहिरवार तथा इटारसी के ही ट्रैकमेन कन्हैया लाल और विशाल थातिया शामिल हैं। इनके अलावा मंडल के अन्य स्टेशनों एवं सेक्शनों में कार्यरत



रेलकर्मियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इन रेलकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान स्टेशनों एवं सेक्शनों पर रेल फ्रेक्चर, हॉट एक्सल, धुआँ निकलते वैगन, ओएचई ट्रिप, क्रैक सहित अन्य असामान्य परिस्थितियों को समय रहते पहचान कर संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। तत्परता से ट्रेनों को सुरक्षित रूप से रोके जाने के कारण संभावित हादसों को टालने में सफलता मिली और रेल यातायात सुरक्षित बना रहा। सम्मानित रेलकर्मियों को एसएस राय, सी वाय एम विनोद चौधरी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं और उनके कार्य की सराहना की।

## किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल हुए जिलाध्यक्ष पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल हुए। सबसे पहले वे ग्राम बांदरी पहुंचे जहां उन्होंने रामानंद यादव के निवास स्थान पर कांग्रेस जनों से भेंट की। जिसके बाद वे ग्राम मालापाठ पहुंच कर किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा मालापाठ, ग्राम नन्दरवाडा, ग्राम खल, ग्राम खारदा होते हुए नाहरकोला पहुंचीं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने ग्राम खारडा में कुछ युवाओं द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पांडे ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए किसान भाइयों एवं ग्राम वासियों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किया एवं जिले में किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए उनके साथ खड़े रहने का वादा किया। खाद, बीज, पानी, एवं बिजली की समस्याओं पर चिंता जाहिर की।

### लाइव चर्चा में दी सीख, छात्र परीक्षा को उत्सव मानें, बोझ नहीं

## परीक्षा पे चर्चा से पहले दूरदर्शन पर विद्यार्थियों को दिए मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को लेकर देश भर के विद्यार्थियों में भारी उत्साह है। इसी कड़ी में, विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से भरने के लिए दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर एक विशेष लाइव चर्चा का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में शिरकत की और प्रदेश भर के छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**टेक्नोलॉजी को टूल बनाएं, बाधा नहींः** लाइव टेलीकास्ट के दौरान सारिका घारू ने




वर्तमान युग में तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए कहा, टेक्नोलॉजी एक बेहतरीन अवसर है। इसे अपनी परीक्षा की तैयारी और नया सीखने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करें। सावधानी रखें कि यह आपके ध्यान भटकाने का साधन न बने। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे स्क्रीन टाइम को अनुशासित करें और अपनी एकाग्रता को पढ़ाई पर केंद्रित रखें।

**मोदी संवाद संजीवनीः** सारिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा संवाद करोड़ों छात्रों के लिए संजीवनी की तरह है। परीक्षा को उत्सव की तरह मनाएं, इसे खुद को परखने का एक सुनहरा अवसर मानें, तनाव की स्थिति में परिवार, शिक्षकों से बात करें। छात्र, शिक्षक और अभिभावक चर्चा से जुड़ें और प्रधानमंत्री के अनुभवों से लाभ उठाएं।

### सफल रहा लाइव टेलीकास्ट प्रोग्राम

दूरदर्शन के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र परिहार के निर्देशन और कृतिका चौबे के संचालन में हुए इस सफल आयोजन में मध्य प्रदेश के विभिन्न कोनों से दर्शकों ने फोन के माध्यम से प्रश्न पूछे। सारिका ने हर सवाल का वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से उत्तर दिया, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। सारिका घारू ने अंत में संदेश दिया कि आत्मविश्वास और सही रणनीति ही सफलता की कुंजी है। उनके इस संबोधन को प्रदेश के शैक्षणिक हल्कों में काफी सराहा जा रहा है।

## भाजपा सोहागपुर में पितृ पुरुष रहे लक्ष्मण गोलानी की स्मृति में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में भाजपा के पितृ पुरुष के रूप में ख्यात रहे स्वर्गीय सेठ लक्ष्मण दास गोलानी की गत दिनों पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर भोपाल में मुस्कान संस्था एवं केजीएन म्यूजिकल ग्रुप ने 'हमारे पापा' शीर्षक अंतर्गत कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा के सोहागपुर क्षेत्र में स्थाप्य एवं उत्थान में स्वर्गीय सेठ लक्ष्मण दास गोलानी के सहयोग पर उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ राष्ट्रवादी विचारक शशि भाई सेठ, विधायक भगवान दास सबनानी, किरण वाधवानी तथा सोहागपुर कॉलेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कन्नूलाल अग्रवाल ने स्व. गोलानी के सुकृत्यों पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम आज

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगमह का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने सिराली क्षेत्र के ग्राम रोलगांव, रहटाकला, जामुखो, पटालदा, आमाखाल, महेन्द्रगांव, खुदिया, पिपल्या, भगवानपुरा, रिछाड़िया, सोनपुरा व सुन्दरपानी में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 12 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 35 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब एवं 510 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 56025 रूपये है।

### समाधान योजना अब 31 जनवरी तक

**हरदा।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि में विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

### शासकीय कार्यालयों में बगैर वैध दस्तावेज के वाहन नहीं चल सकेंगे

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग ने शासकीय विभागों, निगमों एवं निकायों द्वारा विभिन्न प्रयोजनों के लिए अनुबंधित किए जाने वाले वाहनों के संबंध में नवीन निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार अब बगैर वैध दस्तावेजों के किसी भी वाहन को शासकीय कार्यालयों में उपयोग में नहीं लिया जाएगा। शासकीय विभागों द्वारा सीधे अथवा निजी एजेंसियों के माध्यम से उपयोग में लाए जाने वाले मालवाहक एवं यात्री वाहनों के सभी वैधानिक दस्तावेज अनुबंध से पूर्व और वाहन उपयोग की संपूर्ण अवधि के दौरान वैध होना अनिवार्य होगा। साथ ही, विभागों को भुगतान से पहले भी इन दस्तावेजों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग ने यह भी निर्देश दिये है कि खनिज अथवा अन्य सामग्री के परिवहन के लिये जारी की जाने वाली अनुमति संबंधित वाहन की निर्धारित क्षमता से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुबंधित वाहनों द्वारा नियमानुसार मोटरयान कर का भुगतान किया गया होना चाहिए।

### मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 को, 150 चिकित्सक होंगे शामिल

**सीहोर।** छठवां सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन 11 जनवरी को होटल क्रिसेंट में होगा। इसमें सीहोर, राजगढ़, देवास, शुजालपुर सहित आसपास के जिलों से करीब 150 चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह सम्मेलन डॉक्टरों के लिए नई चिकित्सा जानकारियों के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का मंच बनेगा। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. हीरा दलोद्रिया हैं।


---

### साल भर में हुए 1087 सड़क हादसे, 976 लोग हुए घायल

# सड़कों पर बरपा कहर: एक साल के भीतर 287 लोग असमय समाए काल के गाल में

**2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रफ्तार का जुनून और यातायात नियमों की अनदेखी मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ रही है। जिला पुलिस द्वारा जारी वर्ष 2025 के आंकड़े चिंताजनक हैं। बीते एक साल में जिले की सडक़ों पर हुए हादसों में 287 लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। हालांकि पुलिस प्रशासन के सख्त पहरे और जागरूकता अभियानों के चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मौतों और दुर्घटनाओं के ग्राफ में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई है।

2024 के मुकाबले कम हुआ हादसों का ग्राफ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में साल भर चली चेकिंग और इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती का सुखद असर दिखाई दिया है। आंकड़ों की तुलना करें तो वर्ष 2024 में सडक़ हादसों में 295 लोगों ने जान गंवाई थी, जो 2025 में घटकर 287 रही। बता दें 2024 में कुल 1172 दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि 2025 में यह संख्या 1087 रही। पिछले साल 1218 लोग घायल हुए थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा 976 पर सिमट गया।

#### वसूला 86 लाख जुर्माना

यातायात नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। साल 2025 में कुल 16,169 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए। इन लापरवाह चालकों से कुल 86 लाख 19 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इतना ही नहीं, बार-बार नियम तोड़ने वाले 28 चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की सिफारिश भी की गई है।

#### शराब पीकर वाहना चलाना पड़ा महंगा

पुलिस ने तकनीक और कानून दोनों का सहारा लेकर हादसों पर लगाम लगाने की कोशिश की है, जिनमें इंटरसेप्टर वाहन की मदद से तेज रफ्तार वाले 269 चालकों पर 1.47 लाख रुपये का दंड लगाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 53 चालकों को सीधे कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन पर 4 लाख 31 हजार 100 रुपये का भारी-भरकम अर्थदंड लगाया गया।

#### पुलिस ने खोजे तीन मुख्य कारण

पुलिस की समीक्षा में हादसों के तीन मुख्य विलेन सामने आए हैं, जिनमें सीमित गति से अधिक तेज वाहन चलाना। शराब पीकर स्टीयरिंग संभालना। प्रतिबंधित क्षेत्रों या गलत दिशा में वाहन ले जाना।

#### पुलिस कप्तान की अपील

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि यातायात नियम दंड के लिए नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए हैं। एक छोटी सी लापरवाही न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चल रहे निर्दोष राहगीरों का परिवार भी उजाड़ देती है। उन्होंने संकल्प जताया कि वर्ष 2026 में जागरूकता और सख्ती का यह अभियान और भी प्रभावी ढंग से जारी रहेगा।

#### ये दो प्रमुख हादसे भी शामिल

साल 2025 में हुए इन हादसों में दो हादसे भी शामिल हैं, जो खासे सुर्खियों में रहे।

पहला हादसा सैकड़ाखेड़ी रोड पर हुआ, जब मॉर्निंग वॉक कर रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, वहीं दूसरा हादसा मुगीसपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाईक में टक्कर मारना शामिल हैं, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे को कार से लंबी दूरी तक घसीटा गया था।

---

#### झाड़पा में गुर्जर ग्राम विकास समिति का गठन किया

## युवाओं से किया नशामुक्ति व एकजुटता का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



श्री भुआना प्रांतीय गुर्जर सभा के संरक्षण एवं श्री भुआना प्रांतीय गुर्जर युवा सभा हरदा के सहयोग से मंगलवार को ग्राम झाड़पा में गुर्जर ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर भुआना प्रांतीय गुर्जर युवा सभा हरदा के अध्यक्ष संजय विजगावने, नवयुवक संस्था रहटगांव के अध्यक्ष अजय पाटिल, युवा सभा हरदा के सचिव नीरज गुर्जर सहित युवा सभा के कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति के मीडिया प्रभारी वैभव चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान देवनारायण की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात युवाओं को संबोधित करते हुए युवा सभा अध्यक्ष संजय विजगावने ने समाज के युवाओं से नशे से दूर रहने, संघटित होकर कार्य करने तथा ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। गुर्जर ग्राम विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें अध्यक्ष रामभरोस पटवारे उपाध्यक्ष, सुधीर पटेल, रामचंद्र पटेल, सचिव सचिन भगवान दास पाटिल, सह सचिव अखिलेश दुबले, कोषाध्यक्ष अनिल दुबले, संगठन मंत्री संदीप करोडे, अभिषेक बटाने, अरविंद वर्मा, सहसंगठन मंत्री राजकुमारआंजने, आनंद इंगले, अभिषेक टाले, ग्राम युवा सभा संयोजक शिवम पटेल युवा सभा सह-संयोजक अभिषेक पटेल, मीडिया प्रभारी वैभव चौधरी, सांस्कृतिक सचिव रामनिवास आंजने शामिल हैं। समाजहित व ग्राम विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

---

जिला स्तरीय कमल खेल महोत्सव

## खो खो व वालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।



जिला ओलम्पिक संघ के तत्वावधान मे आयोजित जिला स्तरीय कमल खेल महोत्सव के दूसरे दिन खो खो एवं वालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, सन् फ्लावर स्कूल प्राचार्य राजेश जोशी, जोनर एजुकेशन सिस्टम के संचालक दीपक गुर्जर, प्राचार्य अंकित गुर्जर, हरदा डिग्री कॉलेज जिला प्रभारी एन एस एस सत्येंद्र परिहार, गणेश श्रीवास, गुजराती पटेल समाज के पदाधिकारी रतिलाल पटेल, दिनेश पटेल रंगलाल पटेल, हीरालाल पटेल ईश्वर पटेल महेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष नितेश बादर महामंत्री, बसंत राजपूत, विक्रांत अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया ने खिलाड़ियों से परिचय कर मैदान का पूजन कर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षक नेटबॉल खेल का प्रदर्शन रहा। नेटवाल हरदा जिले में नवीन खेल प्रारंभ हुआ है। नेटवाल खेल में हरदा जिले के 2 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोंगीता हेतु मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोनिका मेहता भूपेंद्र सिंह तोमर ब्लॉक समन्वयक हीना अली संदीप जाट,मोहित अवस्थी, राहुल कैथवास, कारण सोनी, सचिन बरक्डे, नितिन रामकुचे, दीक्षा, श्रीवास, हेमलता मंडराई, कुंदन कैथवास, राजकुमार चंदेल, अनंत यादव, राहुल कुलहरे, नरेंद्र खोरे चेतन यादव के द्वारा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। वॉलीबॉल 19 वर्ष बालिका में प्रथम स्थान पीएम श्री महाविद्यालय हरदा, द्वितीय स्थान सांदीपनी स्कूल अबगांव कला तथा तृतीय हरदा वालीबाल क्लब हरदा रहा। इसी प्रकार 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान हरदा वालीबाल क्लब हरदा, द्वितीय स्थान शास हाय सेकेंडरी स्कूल मसनगांव और तृतीय स्थान शाही क्लब हरदा रहा। ओपन बालक वर्ग में प्रथम हरदा बॉलीबॉल क्लब, तथा द्वितीय स्थान चैंपियंस क्लब टिमरनी और तृतीय हरदा डिग्री कॉलेज हरदा रहा।

---

## सिराली में खनिज माफिया पर बड़ी कारईवाई, रात 1 बजे दबिश देकर जेसीबी और 4 ट्रैक्टर जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में खनिज विभाग ने बुधवार को सिराली तहसील के ग्राम खुदिया पिपलीया में रेत के अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बुधवार रात करीब 1 बजे सिराली नदी से रेत-बजरी की चोरी होने की सूचना खनिज प्रभारी निरीक्षक मनीषा तावड़े को दी। सुश्री तावड़े ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम खुदिया पिपलीया के पास नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए एक जेसीबी मशीन और कुछ ट्रैक्टर पाए गए। टीम ने मौके से 1 जेसीबी और 4 ट्रैक्टरों को जब्त किया। इन सभी वाहनों को सिराली थाना पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

---

## मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## 47 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



दूध डेयरी वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लीनिक में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के कुल 47 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में मुख्य रूप से मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथिक) डॉ. जितेंद्र बारवाल एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर मोना सकवाया (ए.एम.ओ.) द्वारा मरीजों की जांच की गई। टीम में फार्मासिस्ट गुलाब सिंह यदुवंशी, नर्सिंग ऑफिसर मीरा महोबिया, लैब टेक्नीशियन शरद ओस्ले, कंप्यूटर ऑपरेटर बंटी गौर और सपोर्ट स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान 47 मरीजों में से 9 मरीजों की हाइपरटेंशन और 10 मरीजों की डायबिटीज की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां व सावधानी बरतने की सलाह दी गई। लैब टेक्नीशियन द्वारा 15 मरीजों के विभिन्न रक्त परीक्षण भी किए गए। शिविर में वर्तमान मौसम को देखते हुए बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि डायबिटीज और हाइपरटेंशन से पीड़ित मरीज सुबह अत्यधिक ठंड में जल्दी बिस्तर न छोड़ें और हमेशा पर्याप्त गर्म कपड़े पहनकर रहें।

---

#### शहीद समाधि स्थल पर 14 जनवरी को होगा भव्य आयोजन, दिल्ली की इवेंट कंपनी देगी प्रस्तुति

## आसमान पर पहली बार दिखेगा लेजर शो का रोमांच रंग-बिरंगी किरणों से जीवंत होगी 1857 की क्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला मुख्यालय के इतिहास में पहली बार मकर संक्रांति के अवसर पर एक आधुनिक और भव्य तकनीकी प्रस्तुति होने जा रही है। 14 जनवरी, बुधवार को सीहोर क्रांति अमरवीर वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद समाधि स्थल पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इस शो के माध्यम से सीहोर क्रांति की गौरवगाथा सहित अनेक प्रस्तुतियॉ आसमान में नजर आयेगी।

**40 फीट ऊपर आसमान में चलेगी लघु फिल्म :** दिल्ली से आ रही सुविख्यात इवेंट कंपनी द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। शो के दौरान लेजर किरणों के माध्यम से आसमान में करीब 40 फीट की ऊंचाई पर सीहोर क्रांति पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई जाएगी। आधुनिक लाइट और दमदार साउंड के साथ 1857 के शहीदों के बलिदान को आसमान पर उकेरा जाएगा, जो शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

#### देशभक्ति गीतों की भी होगी प्रस्तुति

लेजर शो के साथ-साथ प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में संगीत और तकनीक के माध्यम से शहीदों को वंदन किया जाएगा।

आयोजन समिति ने सीहोर के सभी नागरिकों से इस अनूठे कार्यक्रम को देखने के लिए अपने परिवार और विशेषकर बच्चों के साथ शहीद समाधि स्थल पहुँचने का निवेदन किया है।

---

#### लगातार आपराधिक घटनाएं होती रहती

## छीपानेर रोड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला मुख्यालय के छीपानेर रोड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की गई है। यह मांग समाजसेवी शुभम सुरमा ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक शशांक को ज्ञापन सौंपकर की। ज्ञापन में बताया गया कि छीपानेर रोड पर लगातार आपराधिक घटनाएं और सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त है और यहां यातायात का दबाव भी बना रहता है। क्षेत्र में पुलिस की स्थायी उपस्थिति न होने के कारण असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। आम नागरिकों की इस मार्ग पर निरंतर आवाजाही रहती है। किसी भी अप्रिय घटना या दुर्घटना की स्थिति में पुलिस सहायता समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे जनसुरक्षा प्रभावित होती है। गौरतलब है कि छीपानेर रोड पर शराब दुकान खुलने के बाद से कई बार विवाद की स्थिति बनी है और दर्जनों दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। सुरमा ने एसपी से आग्रह किया कि जनहित और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए छीपानेर रोड पर एक पुलिस चौकी स्थापित की जाए। इससे अपराधों और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा।